माननीय न्यायालय से ससम्मान विनम्र निवेदन है कि मेरे द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–2023 में 1200 यूनिट कार्य के स्थान पर 2414.28 यूनिट कार्य किया गया। मेरे द्वारा 149 आपराधिक वादो तथा 36 सिविल वादो का निस्तारण किया गया। मेरे द्वारा न्यायालय में लम्बित समस्त निष्पादन वादो/आर्बिट्रेशन वादो जिनकी संख्या 23 थी, निष्पादित कर दी गयी। इसके अतिरिक्त माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आदेशित टारगेट एक्शन प्लान के अंतर्गत प्रार्थी को **25** वादो का निस्तारण करना अपेक्षित था, मेरे द्वारा टारगेट एक्शन प्लान के अंतर्गत आने वाली पत्रावलियों में **25** के स्थान पर **28** निर्णीत की गई। मेरे द्वारा समस्त लम्बित अंतिम जांचे जिनकी संख्या 9 थी, निसतारित कर दी गयी। मेरे द्वारा 5 वर्ष पुराने **64** वाद एवं 10 वर्ष पुराने **23** वाद कुल **87** वादो का निस्तारण किया गया। मेरे सम्मुख वर्ष 2000 से पूर्व अथवा 20 वर्ष से प्राचीन कोई भी वाद लम्बित नही रहा। इसके अतिरिक्त मेरे द्वारा प्रभारी अधिकारी के रूप में अभिलेखागार, प्रभारी अधिकारी लाईब्रेरी, एवं प्रभारी अधिकारी टेलीफोन व बिजली का अतिरिक्त कार्य भी किया गया। इस प्रकार मेरे न्यायालय में न तो कोई भी आर्बिट्रेशन निष्पादन वाद, न ही कोई प्रारम्भिक व अंतिम जांच लम्बित रही तथा मेरे द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा अपेक्षित **1200 यूनिट** के स्थान पर **2414.28 यूनिट** कार्य किया गया। मेरे द्वारा पूर्ण निष्ठा, लगन, कठिन परिश्रम किया गया। श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा मेरे विरूद्ध कोई भी लिखित अथवा मौखिक शिकायत न होने तथा Integrity (beyond reasonable dout) पाई गई। इसके उपरान्त भी मेरे द्वारा किये गये उपरोक्त समस्त न्यायिक व प्रशासनिक कार्य करने के उपरान्त भी श्रीमान जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा मात्र (Good) इन्ट्री दी गई है, जो कि मेरे द्वारा किये गये कार्य के अनुरूप नही होने के कारण प्रार्थी उक्त (Good) इन्ट्री से संतुष्ट नही है।

अतः माननीय न्यायालय से विनम्रतापूर्वक प्रार्थना है कि मेरे द्वारा किये गये कार्य को दृष्टिगत रखते हुये उक्त (Good) इन्ट्री में सुधार करने की महती कृपा करें। प्रार्थी, हृदय से माननीय न्यायालय का सदैव आभारी रहेगा।